तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 16 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 सभी बच्चों के वजन की एप में की जा रही है ऑनलाइन एन्ट्री...



12 नगर की सड़कों पर उड़ रही धूल ने बढ़ाई....



## खबर संक्षेप

### छात्रावास अधीक्षक बनने 7576 युवाओं ने दी परीक्षा



**बालोद।** व्यापमं द्वारा आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द की भर्ती परीक्षा का आयोजन रविवार को हुआ। परीक्षा दोपहर 12 बजे से दोपहर 2:15 तक सम्पन्न हुई। जानकारी के अनुसार छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द के भर्ती परीक्षा के किये लिए जिले में 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें जिले के 7576 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं 3427 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### रमतरा में तीन दिवसीय रामधुनी स्पर्धा 25 से

**गुरूर।** ग्राम रमतरा में 25, 26 एवं 27 सितंबर को तीन दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। केदार कुरपाल ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय 2501 रुपये, तृतीय 2001 रुपये, चतुर्थ 1501 रुपये एवं पंचम पुरस्कार 1001 रुपये रखा गया है।

### ठेकवाडीह में विश्वकर्मा जयंती समारोह कल

**गुरूर।** बाबा विश्वकर्मा समिति एवं समस्त ग्रामवासी ठेकवाडीह के तत्वावधान में 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्य दुलार गंजीर ने बताया कि दोपहर 12 बजे मूर्ति स्थापित की जाएगी। अतिथि स्वागत शाम 7 बजे होगा। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढी नाचा पार्टी मोर गंवई गंगा नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री बालोद नरेश साहू होंगे, अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदित्य पिपरे करेंगे। अतिथि भाजयुमो जिला महामंत्री खेमलाल देवांगन, सरपंच भारती मरकाम, रिटायर करारोपण अधिकारी विक्रम भंडारी, बिल्डिंग ठेकेदार कोरर खूब लाल साहू, जिला पुलिस कांकेर परमानंद साहू, राकेश साहू, ग्राम पटेल भीखू राम साहू, डा. महेंद्र साहू होंगे।

### ग्राम सांकरी में सामुदायिक भवन के लिए हुआ भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत सांकरी में रविवार को पांच लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भाजपा मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी व सरपंच सरिता निषाद ने किया। मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने बताया कि ग्रामीणो की मांग पर शासन से राशि स्वीकृति मिली है, जिसका भूमिपूजन किया गया। अब गांव में सामुदायिक भवन बनने से यहां के लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर उप सरपंच युगल ताम्रकार, मंडलेश्वर कलार, मिलन सिंह, राम नारायण, नाथूराम सिंह, सचिव प्रकाश सिंह, अर्जुन सिंह, पीतांबर सिंह, नीमेश्वर प्रसाद, पुनाराम सिंह, भुपुराम, खम्मा लाल एवं समस्त पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नशे के कैप्सूल जब्त दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे के कैप्सूल जब्त कर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैकुंठधाम मैदान में नशे का कैप्सूल बेचने की सूचना पर घेराबंदी कर शारदा पारा किशन चौक कैम्प 2 निवासी मोहम्मद अरमान राइन उर्फ चिल्ली, राजेश सिंह भुमिहार को अवैध रूप से नशील कैम्पसूल बेचते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी मोहम्मद अरमान राइन के पास से 720 नग कैप्सूल और राजेश से 352 कैप्सूल कुल 1072 नग ओएचएम नशीली कैप्सूल जब्त किया गया।

# लोगों ने त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने की अपनी प्रतिबद्धता जताई

## श्री गणेश विसर्जन व ईद ए मिलाद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टोरेट में कलेक्टर व एसपी की उपस्थिति में हुई बैठक

कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की अध्यक्षता में श्री गणेश विसर्जन और ईद ए मिलाद के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक बैठक बुलाई गई। इस बैठक में ज़िला प्रशासन और पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ-साथ नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिक, राजनीतिक दलों के ज़िला अध्यक्ष और सदस्यगण, गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधि और जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य भी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य इन दोनों त्योहारों के दौरान शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए समन्वय और सहयोग सुनिश्चित करना था। बैठक में गणेश उत्सव के विसर्जन के लिए सुरक्षित और सुव्यवस्थित मार्ग तय करने, ट्रैफिक प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, ईद ए मिलाद के जुलूस के मार्ग, समय और आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। गणेश विसर्जन तय कुंडों में किया जाएगा। **डीजे को लेकर सख्ती :** बैठक में त्यौहारों और सार्वजनिक आयोजनों में बढ़ते जा रहे डीजे के चलन और ▶▶| शेष पेज 11 पर



### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, नियमों का करें पालन

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी से अपील की कि वे दोनों त्योहारों के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखें और प्रशासन के साथ सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की बात कही और सभी आयोजन समितियों से नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रशासन का समर्थन किया और शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार को मनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## परीक्षा : रविवार को जिले में 64 केंद्रों में आयोजित की गई परीक्षा

# छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा में केवल 47 फीसदी अभ्यर्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कुल 16514 अभ्यर्थियों से 7,800 परीक्षार्थी ही हुए शामिल, 8,714 रहे अनुपस्थित

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार को छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में बेमेतरा जिला से कुल 16514 अभ्यर्थियों से 7,800 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, परीक्षा में 8,714 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह कुल अभ्यर्थियों में से लगभग 47 प्रतिशत ही परीक्षा में शामिल हुए और लगभग 53 फीसदी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए। ज़िले में 64 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे। इस बीच परीक्षा के दौरान बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा सभी केंद्रों पर नजर बनाए हुए थे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार गठन के बाद व्यावसायिक परीक्षा मंडल की यह पहली बड़ी परीक्षा है, जिसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए हैं।



कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा के दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अलग-अलग परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर सबसे पहले ज़िला मुख्यालय के शासकीय पीजी महाविद्यालय पहुँचे। वहां चल रही परीक्षा और व्यवस्था देखी। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी उनके साथ थे। बाद में कलेक्टर सरस्वती शिशु मंदिर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय पूर्व माध्य शाला पिकरी तथा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण किया। केंद्राध्यक्ष ने परीक्षा शांति पूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित होना और किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होना बताया। इस समय संयुक्त कलेक्टर डीआर रात्रे और ज़िला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे भी साथ थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में परीक्षा केंद्र प्रभारी को बैठक व्यवस्था सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। निरीक्षक के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 400 में 200 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए। इसी प्रकार एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में 600 परीक्षार्थी में 305 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए।

**उड़नदस्ता दल का किया गया था गठन :** परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने के लिए सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया था। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात पुनः सुरक्षित जमा करने हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई थी।परीक्षा के सफल संचालन एवं 16514 परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से ज़िले में 64 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे ।

### कायदे का पालन

परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक किया गया। अभ्यर्थियों ने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में एक घंटे पूर्व पहुंच कर सूचना पटल पर रोल नंबर की जांच कर परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के आधे घंटे पूर्व प्रवेश प्राप्त किया। परीक्षा में मूल परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य था।

# एथेनाल प्लांट के विरोध में ट्रैक्टर रैली की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 23 को घेराव की चेतावनी, तैयारियों को लेकर हुई बैठक

रांका में संपन्न महापंचायत में एथेनाल प्लांट को बंद करने सौंपे गए ज्ञापन की समय सीमा समाप्ति के बाद पथर्रा में आस पास के 25-30 गांवों के लोगों ने रणनीति बनाने मैराथन बैठक की।किसानों की रणनीति के अनुसार किसान ट्रैक्टर रैली के लिए अगले सप्ताह की तिथि तय की गई। इसी तारतम्य में किसानों ने निर्णय लिया कि रांका से कुरूद जाने वाली सड़क जिसकी क्षमता 12टन की है, जिस पर सुयश बायो फ्यूल द्वारा 40-50 टन की गाड़ी सड़क पर निरंतर चला कर खराब की जा रही है।जिस पर बैरियर लगा कर इन गाड़ियों को रोका जाए। परंतु इस सड़क की सुरक्षा करने में शासन प्रशासन असफल है। इसलिए, महापंचायत द्वारा रांका में कुरूद जाने वाली सड़क पर बैरियर लगाकर सुरक्षा की जिम्मेदार गांववासी द्वारा सुरक्षा करने का निर्णय लिया । इसके साथ ही आगामी 23 सितंबर को पत्थर से बेमेतरा ट्रैक्टर रैली करके विधायक और प्रशासन का घेराव करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए मंगलवार को प्रशासन को सूचित करके ट्रैक्टर रैली की तैयारी की जाएगी। इसके लिए इस दायरा बढ़ा कर 40 से 50 गांव से 4 सौ से 5 सौ ट्रैक्टर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए बेमेतरा शहर से भी समर्थन हासिल करने का निर्णय लिया गया।

# मिलर्स एक सप्ताह के भीतर जमा करें चावल : शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग एवं धान उठाव की समीक्षा की

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शनिवार को यहां कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 में उपर्जित धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग के चावल जमा के संबंध में समीक्षा की गयी।

बैठक में खाद्य अधिकारी, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक(नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा भी की। उन्होंने खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस वितरण कार्य, चावल भंडारण की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में एफसीआई एवं नान में चावल जमा करने की समीक्षा की एवं समय में चावल जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ज़िले में राशन कार्ड के नवीनीकरण और कितना वितरण की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश जिनके राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ वह किया जाये।राशन कार्ड का जल्द से जल्द वितरण भी किया जाए। लज़िला खाद्य अधिकारी ने ख़रीफ़ वर्ष 2023-24 में धान की उठाव जानकारी दी। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों और ज़िले के राइस मिलर्स से एक सप्ताह ▶▶| शेष पेज 11 पर

# अस्थायी कुंड में गणेश प्रतिमा विसर्जन की अपील

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्वच्छता में जनभागीदारी (स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता) की थीम पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। नगर पालिका क्षेत्र के भद्रकाली तालाब में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ मिलकर वृहद सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान तालाब में मूर्ति एवं अन्य पूजन सामग्री का तालाब में विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित करते हुए अस्थाई विसर्जन कुंड की व्यवस्था की गई तथा विसर्जन इस कुंड में ▶▶| शेष पेज 11 पर



# सोशल मीडिया में विधायक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, थाने पहुंचे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कांग्रेस नेता आशुतोष के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत




परपोड़ी थाना में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल मीडिया पर विधायक ईश्वर साहू के बारे में अभद्र व्यक्तिगत टिप्पणी के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई को लेकर लिखित आवेदन दिया गया। इस दौरान स्थानीय परपोड़ी मण्डल के दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

बताया जा रहा है कि मामला सोशल मीडिया फेसबुक पर काफी दिनों से एक स्थानीय युवा कांग्रेस नेता आशुतोष दुबे के कमेन्ट को लेकर है। इसमें दुबे ने स्थानीय साजा विधायक ईश्वर साहू को उनके व्यक्तिगत जीवन एवं उनकी कार्यशैली पर आपत्तिजनक टीका-टिप्पणी कर दी थी। जिसके विरूद्ध आक्रोशित बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। ज्ञात हो कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धमधा इलाके के मड़ियापार गाँव में पोला पर्व के दौरान सीएम विष्णुदेव साय व विधायक ईश्वर साहू के बीच हैलीपेड के करीब कांग्रेस के कार्यकर्ता आशुतोष दुबे निजी सुरक्षा को सेंध लगाकर पहुंच गए, जिसको लेकर उनका भाजपाईयों के बीच उनका फोटो विभिन्न प्रतिक्रियाओं एवं अफवाहों के साथ जमकर वायरल हुआ था। इस पर कुछ नामजद लोगों के विरुद्ध आशुतोष दुबे ने अपनी छवि नुकसान एवं सम्मान को ठेस बताकर शिकायत की थी। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बेरला आंगनबाड़ी केंद्र में धूमधाम से मनाया वजन त्योहार

# जीरो से 6 वर्ष तक के बच्चों का लिया गया वजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बेरला के अंतर्गत बेरला आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में 0 से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया गया। उसके बाद कुपोषण स्तर का जांच की जाएगी।

इसके साथ ही बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथ ही पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों के आयोजन पोषण, स्वास्थ्य, साफ सफाई, टीकाकरण के बारे भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया। वहीं, किशोरी बालिका और गर्भवती महिला का वजन व ऊंचाई लेने को कहा गया। इस दौरान जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं। उसका भी पता लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा। प्रत्येक कलस्टर में वजन त्यौहार के लिए विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, पर्यवेक्षक की ड्यूटी भी लगाई गई है। आयोजित होने वाले वजन त्यौहार में आयु व वजन के साथ-साथ बच्चों की ऊंचाई तथा बच्चे की निःशक्तता संबंधी जानकारी भी संकलित की। समुदाय के समक्ष आंगनबाड़ी, ग्राम, नगरीय क्षेत्र के सभी सर्वेक्षित बच्चे का वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जाएगा। इस हेतु ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से वजन की जानकारी भरकर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही पोषण स्तर ज्ञात किया।



### बाहर से आने वाले बच्चों का भी लिया जाएगा वजन

आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज बच्चों के अलावा वजन त्यौहार आयोजन के समय बाहर से आए बच्चे भी वजन लेने से वंचित न रहे यह भी सुनिश्चित किया गया। इस कुपोषण विषय पर जन जागरूकता में वृद्धि लाने के लिए विशेष कार्य किया। किशोरी बालिकाओं के एनीमिया के स्तर में सुधार लाने तथा एनीमिया के स्तर का आंकलन किया गया। इस अवसर पर बेरला पार्षद शिवझडी सिन्हा, सहायिका उर्वशी ठाकुर सहित वार्ड के माताएं व बहने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डीएवी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा

**भिलाई।** डीएवी स्कूल के छत का प्लास्टर अचानक गिरने से दो स्कूली छात्र को चोट आई है। घटना शनिवार की है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी टाउनशिप में स्थित सेक्टर 2 के डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 की क्लास का प्लास्टर अचानक भरभरा के गिर गया। घटना क्लास चलते समय हुआ। दो छात्र समर और राघव को मामूली चोट आई है। दोनों को उपचार के लिए तुरंत अस्पताल पहुचाया गया। स्कूल प्रबंधन ने घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। मौके पर नगर निगम भिलाई की टीम भी पहुची थी। कक्षा की बिल्डिंग का भौतिक निरीक्षण किया। डीईओ कार्यालय से लेखाधिकारी राजेश ओझा भी डीएवी स्कूल पहुंचे। उन्होंने बताया कि डीईओ ने सेक्टर-2 स्कूल में छत का छज्जा गिरने की जानकारी दी। उनके निर्देश पर स्कील पहुचा। कमरे में यह घटना घटित हुई उस कमरे का अवलोकन किया और एक हिस्सा जो है छत का, वो गिरा हुआ है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार' महिलाएं देशभर में चलाएंगी जागरूकता अभियान



**रायपुर।** देश में महिला विरोधी हिंसा, उत्पीड़न और हत्या के बढ़ते मामलें चिंता का विषय है। महिलाओं के प्रति गहरी सामाजिक असमानताएं, स्त्री द्वेष और भेदभाव को और जटिल बना रही हैं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि महिलाओं के विरुद्ध यह अत्याचार एक व्यापक रूप से फैल रही बीमारी है। जो देश की शांति और प्रगति को प्रभावित कर रही है। इस खतरे का मूल कारण नैतिक मूल्यों का पतन है। समाज में महिलाओं को वस्तु के रूप में देखना, यौन शोषण, दुर्व्यवहार, पोर्नोग्राफी का व्यापक उपयोग, विवाहेतर संबंध और नशीली दवाओं का बढ़ता उपयोग हो रहा है। अब जमात -ए-इस्लामी हिंद की महिला विंग द्वारा देशभर में सितंबर माह में नैतिकता ही स्वतंत्रता का आधार विषय पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी महिला विंग की राबिया बसरी ने अन्य सदस्यों के साथ पत्रकार वार्ता में दी।

### कृषि महाविद्यालय के सामने बस स्टॉपेज की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने रेलवे स्टेशन से नई राजधानी वाली लोअर फ्लोर रेड बस को कृषि महाविद्यालय के सामने रोकने की सुविधा की मांग की है। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों और शासन-प्रशासन के संज्ञान में लाने के लिए यह मांग जोर-शोर से उठाई जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय रायपुर के समक्ष वर्तमान में जो साधारण-सा स्टॉपेज बनाया गया है, वह कोई काम का नहीं है, बल्कि उनका दुरुपयोग ज्यादा देखने में आ रहा है। देश के सभी दूरदराज के प्रदेशों से भी बहुत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का अपने-अपने सीनियर सिटीजन, गार्जियन के साथ एडमिशन के लिए काउंसिलिंग में भी यहां आना-जाना लगा रहता है।

### हिमांशु बने शिवसेना के प्रदेश सचिव

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित भवन में शनिवार को शिवसेना छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से हिमांशु शर्मा को शिवसेना (शिंदे गुट) का प्रदेश सचिव बनाने का निर्णय लिया। साथ ही उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये युवा साथी राजधानी समेत पूरे प्रदेश में पार्टी की गतिविधियों एवं संगठन में तेजी लाएंगे और पूरे प्रदेश में हिंदू राष्ट्र कि मांग को लेकर ज्यादा से ज्यादा धरना और ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से शिवसेना छत्तीसगढ़ (शिंदे गुट) के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष मधुकर पांडेय, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव आदि शामिल थे।

### गंदगी के खिलाफ 22 को करेंगे प्रदर्शन

**रायपुर।** वर्धमाननगर देवपुरी कालोनी के रहवासी गंदगी और अवैध पार्किंग के खिलाफ 22 सितंबर को आंदोलन करेंगे। कालोनी वासियों का कहना है कि थोक सब्जी मंडी डूमरतराई चौक के पास अव्यवस्थित पार्किंग और रास्ते में सड़े-गले फल व सब्जियों के फेंकने से उत्पन्न दुर्गंध से वे बेहद परेशान हैं। शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके विरोध में 22 सितंबर को उग्र प्रदर्शन करेंगे। कॉलोनी के अध्यक्ष वीके भट्टाचार्य ने बताया, थोक सब्जी मंडी डुमरतराई चौक के पास अव्यवस्थित अवैध पार्किंग और गंदगी के खिलाफ हाल ही में सब्जी मंडी चौक के पास सांकेतिक प्रर्दशन किया गया, इसके बाद जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन दिया गया। इसके बाद भी सब्जी मंडी चौक के पास अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था, अवैध पार्किंग, अवैध अतिक्रमण जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से रहवासियों में रोष व्याप्त है।

# व्यापारी भी विकसित भारत और छग की परिकल्पना को साकार करने में साथ दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने भाजपा सदस्यता अभियान को संगठन का आधार बताते हुए आह्वान किया, इस कार्य में सहयोग करते हुए लघु एवं मध्यम उद्योग, व्यापारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में साथ दें।

श्री नवीन ने सर्किट हाउस में व्यापारियों और उद्योगपतियों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद कार्यक्रम में कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बना है और अब भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में हम सब मिलकर भाजपा और देश को मजबूत करें। श्री नवीन ने कहा, भाजपा के सदस्यता अभियान के पूरी ऊर्जा और मुस्तैदी से सफल बनाकर हमें छत्तीसगढ़ में निर्धारित लक्ष्य से पार जाकर रिकॉर्ड संख्या में सदस्य बनाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा व्यापार, व्यावसायिक और आर्थिक प्रकोष्ठ के इस संयुक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज पूरे देश का ही दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। भाजपा के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि है। सबको साथ लेकर काम करना है।

## भाजपा के लिए राष्ट्र ही सर्वोपरि




### कांग्रेस पर तीखा हमला

श्री नवीन ने कांग्रेस की पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के शासनकाल की चर्चा करते हुए कहा, उन दिनों पूरे प्रदेश में घपलों-घोटालों का सिलसिला चल पड़ा था। चहुंओर अराजकता व्याप्त थी। ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा ने जितने आंदोलन किए, उन आंदोलनों व संघर्षों की बदौलत भाजपा के प्रति जनता के सहज विश्वास जनता का विश्वास और दृढ़तर हुआ और यही वजह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में आपके आशीर्वाद से भाजपा की सरकार यहां पर बन पाई। हम लोगों ने 2023 में जो घोषणाएं की, उन्हें हमने पूरा करके जनविश्वास अर्जित किया है जबकि कांग्रेस की सरकार ने तो वादाखिलाफी करके 5 साल तक छत्तीसगढ़ को छलने का काम किया।

# धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ का 18 से नवा रायपुर में धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर की सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटर 18 सितंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन करेंगे। 2 सूत्रीय मांग को लेकर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के आव्हान पर डाटा कंप्यूटर आपरेटर अपने लंबित मांगों की अनदेखी से नाराज होकर अनिश्चितकालीन धरना देने की तैयारी में हैं।




- नियमितीकरण और 27 फीसदी वेतन वृद्धि अगस्त 2023 से देने की मांग
- 2 सूत्रीय मांग को लेकर बेमियादी धरना

प्रदेशभर की सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्रों में सालों से कार्यरत डाटा एंटी आपरेटरों ने 2 सूत्रीय मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। लामबंद डाटा एंट्री आपरेटरों का कहना है कि पिछले 17 सालों से वे धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत हैं, पर अब तक उनका नियमितीकरण नहीं किया गया। यही नहीं, 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ उन्हें अगस्त 2023 से प्रदान करने की मांग धान खरीदी आपरेटर संघ के माध्यम से की जा रही है। इसके बाद भी शासन-प्रशासन उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है। इसके विरोध में 2 सूत्रीय मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने वे नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

### गेल इंडिया लिमिटेड के तहत तिल्दा क्षेत्र के कई किसानों के खेतों से गुजरी पाइप लाइन

# खेतों में बिछाई गैस पाइपलाइन, अब तक फसल-फेंसिंग का मुआवजा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के तिल्दा क्षेत्र में गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। यह काम पिछले दो साल से चल रहा था। इस कार्य के लिए इस क्षेत्र के कई गांवों के किसानों की जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिसके बदले उन्हें मुआवजा भी दिया गया है, लेकिन ऐसे कई किसान है जिन्हें जमीन का मुआवजा तो दे दिया गया, लेकिन पाइप लाइन बिछाने के दौरान खरीफ-रबी की फसलों और तार फेसिंग को पहुंची क्षति का मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है। किसान मुआवजा राशि के लिए बार-बार सरकारी दफ्तर से लेकर गेल इंडिया के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं।

पाइप लाइन बिछाने के पहले जिन किसानों के खेत इसके दायरे में आ रहे थे, उन सभी किसानों को गेल इंडिया द्वारा नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस के माध्यम से किसानों को पाइप लाइन बिछाने के लिए जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिसका मुआवजा से लेकर प्रभावित हुई खरीफ और रबी फसल तथा फेसिंग तार के नुकसान का मुआवजा देने का भी वादा किया गया था।



### कलेक्टर जनदर्शन में किसानों ने की शिकायत

तरपोंगी गांव के किसानों में बंशीदास मानिकपुरी, राजेंद्र कुमार, गोपालशरण नायक, टेकराम वर्मा, विष्णु वर्मा, गजराज सहित अन्य ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर इस संबंध में शिकायत की है। किसानों का कहना है कि दो साल से वे मुआवजा राशि को लेकर अधिकारियों से मिल रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। इधर जनदर्शन में आई इस शिकायत के बाद तिल्दा क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी का कहना है कि पात्रता के अनुसार प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। गेल इंडिया का काम अभी जारी है।

### जैसे-जैसे फंड आ रहा मुआवजा बांटा

गैस पाइप लाइन बिछाने से प्रभावित किसानों को जमीन के साथ फसल और तार फेसिंग नुकसान का मुआवजा देने का प्रावधान है। फंड जैसे-जैसे आ रहा है किसानों को मुआवजा भी मिल रहा है।

**- आशुतोष कुमार देवांगन,**
अनुविभागीय अधिकारी
तिल्दा-नेवरा

### नागपुर से झारसुगुड़ा तक बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन

भारत सरकार की गेल इंडिया गैस पाइप लाइन योजना के तहत नागपुर से झारसुगुड़ा तक गैस पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के भी कई जिले शामिल है। इनमें रायपुर के अलावा दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद, कवर्धा, सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा आदि शामिल है। इस योजना के तहत घर-घर गैस पाइप लाइन के जरिए पहुंचाई जाएगी।

### डेढ़ साल से बंद पड़ी थी योजना

रायपुर जिले में भी यह योजना पिछले डेढ़ साल से बंद पड़ी थी। इस योजना पर अब दोबारा काम शुरू किया गया है। इसके तहत तिल्दा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का काम भी जारी है।

# राज्यपाल से मुलाकात, नवनिर्मित ऑनलाइन एप 'फ्लेम' की दी जानकारी



**रायपुर।** सैनिक कल्याण संचालनालय के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा वीएसएम (सेवानिवृत्त) ने राजभवन में शुक्रवार को राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इसी दौरान ब्रिगेडियर श्री शर्मा ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर राज्य सैनिक बोर्ड एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों के क्रियाकलापों की जानकारी पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन किया। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया। भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों के पंजीयन तथा आर्थिक सहायता के लिए एनआईसी के सहयोग से नवनिर्मित ऑनलाइन एप 'फ्लेम' (फ्लेग डे फंड आटोमेशन और ईएसएम डेटा का प्रबंधन) के विषय में जानकारी प्रदान की गई। संचालक ने राज्य सैनिक बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित वार्षिक बैठकों के संबंध में जानकारी दी। जिस पर राज्यपाल ने 16वीं राज्य प्रबंधन समिति की वार्षिक बैठक को अक्टूबर माह में आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया। सैनिक कल्याण के संचालक ने राज्यपाल को झंडा दिवस (7 दिसंबर) के उपलक्ष्य में राजभवन में आयोजित समारोह के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार बढ़ाने एम्स में सृजन केंद्र का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवोन्मेष को बढ़ाने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया है। यह केंद्र बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और चिकित्सा विज्ञान का एक संयुक्त समावेशी केंद्र होगा, जो नई तकनीकों की मदद से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करेगा।

- बायोमेडिकल के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर होगा काम

एम्स के निदेशक डॉ. अशोक जिंदल ने सृजन केंद्र (साइंटिफिक रिसर्च एंड इनोवेशन जंक्शन फॉर एआई एंड न्यू बायोमेडिकल टेक्नोलॉजी) का उद्घाटन शनिवार को किया। इसे एम्स के चिकित्सा शिक्षकों और आईआईटी भिलाई के शिक्षकों द्वारा नए विचारों और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उदेश्य बायोमेडिकल प्रौद्योगिकी में हो रहे नवाचारों और वैज्ञानिक अनुसंधानों को बढ़ावा देना है। इसके साथ स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में इनका अनुप्रयोग करना है। इससे साक्ष्य आधारित चिकित्सा पद्धतियों और ऐसी तकनीकों को विकसित किया जा सके, जिससे रोगी और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सके। सृजन के तहत पहली परियोजना इंटेलिजेंट इमरजेंसी केयर सिस्टम है, जो एम्स आईआईटी भिलाई की एक संयुक्त पहल है। सृजन का नेतृत्व डॉ. देबेंद्र कुमार त्रिपाठी के साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान एम्स के अधिष्ठाता (अकादमिक) डॉ. आलोक सी. अग्रवाल, अधिष्ठाता (अनुसंधान) डॉ. सरिता अग्रवाल, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) डॉ. कृष्णदत्त चावली और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू राजगुरु भी उपस्थित थे।



# दो सौ में 37 जमीन मालिकों को निगम का नोटिस, रजिस्ट्री जमीन का मुआवजा देने को तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमलीडीह में नहर-नाली के पास करीब 200 प्रभावितों में से केवल 37 लोगों को जोन व तहसीलदार द्वारा नोटिस भेजा गया है। पीड़ितों ने बताया कि हम नोटिस और कार्रवाई की सच्चाई पत्रकारवार्ता के माध्यम से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की मंशा से आए हैं। जिन लोगों को सर्वे के आधार पर नोटिस दिया गया है, उन्हें मुआवजा देने का भी प्रावधान नहीं किया है। लोग इसलिए विरोध कर रहे, चूंकि जिम्मेदार वस्तुस्थिति को जाने बिना कार्रवाई करने के लिए नोटिस भेज रहे हैं।

- अमलीडीह में प्रभावित होने वाले लोगों ने की न्याय की मांग

राजधानी के अमलीडीह क्षेत्र में सर्वे के नाम पर की गई खानापूर्ति की जानकारी देते हुए अनिमेश शुक्ला, नरेश कुमार विश्वकर्मा और विक्रम तनवानी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जिन लोगों को नोटिस दिया गया है, उन सभी लोगों की रजिस्ट्री जमीन होने के साथ ही परमिशन लेकर बनाया गया है। नहर-नाला (केनाल रोड) से निकला है। प.ह.क्र. 69 में नहर-नाली की लंबाई 2.50 किलोमीटर है। इसके बीच में केवल 0.50 किलोमीटर यानी कुल क्षेत्रफल 1.339 हेक्टेयर (17000 वर्ग मीटर) के बीच में केवल 0.330 हेक्टेयर और लगभग 200 रजिस्ट्री कराने वाले जमीन मालिकों के बीच में नाली है। इसके बाद भी केवल उत्तर दिशा के 37 लोगों को जोन व तहसीलदार द्वारा नोटिस दिया गया है। इससे किसी योजना या उद्देश्य की पूर्ति होती नहीं दिख रही है। यह एक-तरफा कार्रवाई क्यों हो रही है। इसकी जांच होनी चाहिए, अगर कार्रवाई हो रही, तो इसमें लगानी जमीन के लिए मुआवजे का प्रावधान क्यों नहीं किया गया है।

# बस टिकट लेने के नाम पर यात्री के साथ मारपीट चार एजेंट गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंटर स्टेट बस टर्मिनल में यात्री को डरा धमकाकर टिकट काउंट ले जाकर जबरन टिकट लेने विवश करने तथा मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन टिकट एजेंट को गिरफ्तार किया है। यात्री ने पुलिस को बताया है कि वह मंगलवार को जगदलपुर जा रहा था, इसी दौरान एजेंटों ने उसके साथ घेर कर मारपीट की थी।

पुलिस के अनुसार बलौदाबाजार, कसडोल निवासी दुजराम बांधे की शिकायत पर मोहम्मद जमील, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद अनस, मोहम्मद आसिम को गिरफ्तार किया गया है। दुजराम ने पुलिस को बताया है कि वह अपने अन्य साथियों के साथ घटना दिनांक को जगदलपुर में हॉस्टल अधीक्षक की परीक्षा दिलाने जा रहा था। इसी दौरान चारों टिकट एजेंट ने उन्हें घेर लिया और जबरन टिकट काटने के लिए काउंटर पर ले गए। दुजराम तथा उसके साथियों ने बाद में टिकट कटाने की बात कही, तो जमील तथा उसके साथियों ने दुजराम तथा उसके साथियों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की।

# त्रिपुर तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायपुर।** श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित तीर्थयात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों से शनिवार को रायपुर रेलवे स्टेशन में युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल भेंटकर उन्हे मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी श्रद्धालु जगन्नाथपुरी से गंगासागर और कामाख्या धाम की धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे।

सभी यात्रियों की सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना कर ट्रेन को प्रमुख रूप से युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू और राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों की आस्था और उत्साह देखकर मन अभिभूत हो गया। हमारी कामना है कि ये पवित्र यात्रा सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संदेश लेकर आए और मां त्रिपुरसुंदरी सभी का मार्ग प्रशस्त करें।

### खाद्य संचालनालय के अफसर मैदानी अमले को टारगेट कर रहे

# राशन बचत घोटाला, पोर्टल से घोषणापत्र गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछली सरकार के दौरान खाद्य घोटाले में गठित विधानसभा समिति तकनीकी त्रुटि और बाजार से खरीद कर रखवाए गए चावल के मामले में अब तक 55 बिंदुओ में जानकारी मांग चुकी है। खाद्य संचालनालय के अफसर खुद को बचाने और मैदानी अमले को जिम्मेदार बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

पार्टल से घोषणा पत्र गायब करने के बाद राशन दुकानों से वसूली न होने को लेकर खाद्य अफसरों टारगेट किया जा रहा है। खाद्य विभाग के संघ ने इसके विरोध में सामूहिक अवकाश, धरना की रूपरेखा बनाकर शासन को 1 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश पर रहने की सूचना दी है। खाद्य संचालनालय के द्वारा सभी जिला खाद्य अधिकारियों से पहले 29 बिंदु के बाद अब इसमें 16 बिंदुओं जोड़कर में जानकारी मांगी है। मांगी गई जानकारी में अगस्त 2022 से दिसंबर 2022 तक राशन दुकानों को जारी सौ फीसदी आबंटन और बचत होने की स्थिति में उठाए गए कदम की जानकारी मांगी। इसे बचत स्टॉक को घटा कर देने कहा गया है।



पूरे प्रदेश में खाद्य का आबंटन खाद्य संचालनालय जारी करता है। खाद्य अमले ने हर महीने घोषणा पत्र और जानकारी दिया, उसकी कटौती नही की गई। अब जांच समिति जानकारी मांग रही है, तो मैदानी अमले से संचालनालय तीन साल पुरानी जानकारी मांगी जा रही है। खाद्य निरीक्षकों ने घोषणा पत्र में जानकारी दिया है उसे पोर्टल से गायब कर दिया गया है। खाद्य संचालनालय ने सितंबर 2022 में कराए गए भौतिक सत्यापन, तकनीकी त्रुटि का प्रकार, राशन के चावल में घोटाला करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही सहित माह जनवरी 2022 और 2023 की स्थिति में प्रदेश के तेरह हजार राशन दुकानों में बचत चावल की मात्रा की जानकारी मांगी गई है।

### इन मांगों को लेकर करेंगे आंदोलन

खाद्य अधिकारी संघ के अध्यक्ष एनएस राठौर ने बताया कि खाद्य संचालनालय को अपनी मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश में जाने की सूचना दे दी है। संघ ने राज्य में खाद्य आबंटन में अनियमितता, स्वैप मशीन के खराबी, वेतन विसंगति, लिपिकों को खाद्य निरीक्षक पद पर पदोन्नति करने, सहित आबंटित चांवल, वितरण और बचत के सत्यापन न किए जाने पर दोषी अधिकारियों को बताए जाने का विरोध किया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि आबंटन देना, कटौती करना संचालनालय का दायित्व है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 में इसका उल्लेख है।

# एसआई भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी अनशन पर, दो की हालत बिगड़ी, प्रशासन ने पहुंचाया अस्पताल

**रायपुर।** परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर आमरण अनशन तथा भूख हड़ताल कर रहे एसआई भर्ती परीक्षा के दो अभ्यर्थियों की शनिवार को हालत बिगड़ गई। जिन अभ्यर्थियों की तबीयत खराब हुई है। प्रशासन की टीम उन्हें उपचार के लिए अभनपुर अस्पताल ले जाने के लिए पहुंची, लेकिन अभ्यर्थियों ने अस्पताल जाने से इंकार कर दिया। उसके बाद एक अभ्यर्थी को जबरिया उठाकर अस्पताल ले जाया गया। इसी तरह से नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अनियमित कर्मचारी संघ के एक सदस्य को शनिवार को सांप ने डस लिया। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में एसआई भर्ती परीक्षा के अब तक परिणाम जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थी राजधानी में पिछले एक महीने से आंदोलन कर रहे हैं। लगातार आंदोलन के बाद भी शासन द्वारा परीक्षा परिणाम जारी नहीं करने से नाराज एसआई के दो अभ्यर्थी तूता स्थित धरना स्थल में पिछले छह दिनों से आमरण अनशन पर हैं। एक महिला अभ्यर्थी तथा अन्य भी भूख हड़ताल कर रहे हैं। आमरण अनशन के दिन एक पूर्व सैनिक, जो एसआई परीक्षा के अभ्यर्थी हैं तथा एक अन्य आमरण अनशन कर रहे हैं। उन दोनों की पांचवे दिन शुगर लेबल तथा बीपी डाउन होने की वजह से तबीयत बिगड़ गई।



### महिला प्रदर्शनकारी मंच से नीचे गिरी

गौरतलब है कि तूता धरनास्थल पर पिछले दस दिनों से ज्यादा समय से अनियमित कर्मचारी संघ के कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को एक प्रदर्शनकारी को सांप ने डस लिया। प्रदर्शन के दौरान एक महिला कर्मचारी मंच से गिरकर घायल हो गई। दोनों को उपचार के लिए अभनपुर अस्पताल ले जाया गया।

# खुलवा दी छोटी दुकानें, चावल की डिलीवरी में छूटा पसीना, हितग्राही भी सड़क पर लगा रहे लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड धारकों को आसानी से खाद्यान्न मिल सके, इसके लिए 98 नई राशन दुकानें खोली गई हैं, लेकिन इन दुकानों पर अब निलंबन का खतरा मंडराने लगा है। कांग्रेस शासन के अंतिम वर्ष के कार्यकाल में इन दुकानों का आबंटन किया गया था। इस दौरान इन दुकानों को नियमों को ताक पर रखते हुए खोल दिया गया है। न ही दुकानों की साइज को देखा गया था और न ही हितग्राहियों को इन दुकानों में मिलने वाली सुविधाओं को परखा गया था। स्थिति यह है कि इन दुकानों में चावल की सप्लाई करने में जहां नागरिक आपूर्ति निगम विभाग का पसीना छूटने लगा है, वहीं दूसरी ओर हितग्राहियों को भी छोटी दुकान होने से गर्मी, धूप और बारिश में सड़क किनारे लाइन लगाकर राशन लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## 98 नई दुकानों पर निलंबन का मंडराने लगा खतरा

**केस 1**

महावीरनगर और अमलीडीह में 8 बायी 10 कमरे में नई राशन दुकान संचालित है। इन दोनों में चावल का स्टॉक खत्म होने के कारण हितग्राहियों को दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इन दुकानों में पहुंचने वाली हितग्राही खुले आसमान के नीचे लाइन लगाते हैं।

**केस 2**

संतोषीनगर ओवरब्रिज के सर्विस रोड से लगी राशन दुकान भी एक छोटे से कमरे में संचालित है। इसके कारण यहां भी हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



**केस 3**

श्यामनगर-तेलीबांधा में भी एक छोटे कमरे में राशन दुकान संचालित है। यहां भी हितग्राहियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**केस 4**

रायपुरा-चंगोराभाठा में भी नई राशन दुकान एक छोटे कमरे में संचालित है, जिसके कारण हितग्राही परेशान होते रहते हैं।

**भंडारण क्षमता की होगी जांच, निलंबित होंगी छोटी दुकानें :** विभागीय सूत्रों के अनुसार हाल ही में नवा रायपुर खाद्य विभाग में एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में जिला के खाद्य अधिकारियों से लेकर नागरिक आपूर्ति निगम एवं एफसीआई के अधिकारी भी शामिल हुए थे। इस बैठक में शहर में खुली नई राशन दुकानों के साथ पुरानी दुकानों में चावल भंडारण की कुल क्षमता की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इस जांच में कम क्षमता वाली दुकानों को चिन्हांकित कर निलंबन किया जा सकता है।

**भंडारण क्षमता की जांच कराने मिले निर्देश**

राशन दुकान में खपत के अनुसार चावल उपलब्ध रहे। हितग्राही को परेशानी न हो। इसे देखते हुए राशन दुकानों में चावल भंडारण की क्षमता की जांच के निर्देश मिले है। इसके तहत प्रत्येक राशन दुकान में चावल रखने की क्षमता की जांच की जाएगी। - *भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

### आबंटन का 25 प्रतिशत चावल रखने की भी जगह नहीं

जुलाई 2023 में शहर में खुली 98 नई राशन दुकानों को खुलने के बाद यह संभावना जताई जा रही थी, इससे राशन कार्ड धारकों को चावल लेने के लिए ज्यादा दूर जाना नहीं होगा और न ही बार-बार दुकानों के चक्कर तथा घंटों लाइन में लगना नहीं पड़ेगा। विभाग ने हितग्राहियों को यह सुविधा देने के इरादे से नई दुकानें आबंटन तो कर दी हैं, लेकिन 90 प्रतिशत दुकानें 8 बायी 10 के कमरों में खुल गई हैं। इसके कारण पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या के तुलना में आबंटन का 25-30 प्रतिशत चावल रखने की जगह भी इन दुकानों में नहीं है।

### नई दुकानों में जगह कम इसलिए लग रहे ज्यादा फेरे

छोटी दुकानों की डिमांड के अनुसार राशन दुकानों में नान द्वारा चावल की सप्लाई की जाती है। इसके लिए नॉन से अनुबंध करने वाली ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी की गाड़ियों को एक महीने में 6 से 8 बार फेरे लगाने पड़ रहे हैं, जबकि पुरानी दुकानों में भंडारण के लिए जगह ज्यादा होने के कारण 3 से 4 बार ही फेरे लगाए जाते हैं। इस कारण ट्रांसपोर्टिंग एजेंसी भी अब छोटी दुकानों में चावल की सप्लाई में आनाकानी करने लगी है।

## खबर संक्षेप

### साय सरकार का वित्तीय प्रबंधन फेल, रिजर्व बैंक कर रही बांड की नीलामी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ की साय सरकार की अर्थव्यवस्था नहीं संभल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रिजर्व बैंक को एक बार फिर 1000 करोड़ के प्रतिभूति को बेचने का प्रस्ताव दिया है। रिजर्व बैंक ने इस संबंध में नीलामी के लिये सार्वजनिक सूचना भी प्रकाशित करवाई है तथा छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिभूतियो की नीलामी 17 सितंबर को होना तय हुआ है। साय सरकार ने 9 माह में कर्ज लेने का नया रिकार्ड बनाया है। एक वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ ने कर्ज लेने का नया रिकार्ड बनाया है। राज्य ने एक वित्तीय वर्ष में 32000 करोड़ का कर्ज लिया है। उन्होंने कहा, सभी कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने के बाद भी सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है। सरकार ने रिजर्व बैंक से 9 माह में हर महीने औसतन 3500 करोड़ कर्ज लिया है।



### मूणत ने रामकुंड में दिलवाई सामूहिक स्वच्छता की शपथ



**रायपुर।** पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही वार्ड पार्षद दीपक जायसवाल सहित वार्डवासियों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलवाई। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के जोन 7 के अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में रामकुंड रावणपट्टी सहित आधा दर्जन स्थानों पर 50 लाख रुपये की लागत से नये विकास कार्यों का श्रीफल फोड़कर भूमिपूजन किया। इसमें आमातालाब उद्यान में ओपन जिम निर्माण कार्य, आमातालाब हमर क्लीनिक के पास चबूतरा निर्माण कार्य, रामकुण्ड सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, सहित रामकुंड बस्ती क्षेत्र के रहवासी और गणमान्य उपस्थित रहे।

### खाद्य तेल पर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाकर दिया महंगाई का एक और झटका

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, मोदी सरकार ने खाद्य तेलों पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा दी है। देश में कर संग्रहण, सरकार के अनुमान और तय लक्ष्य से अधिक होने के बावजूद अचानक खाद्य तेलों में 20 प्रतिशत तक की भारी भरकम कस्टम ड्यूटी बढ़ाना जनता के साथ भाजपा सरकार का अन्याय है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और केंद सरकार की बेरहमी से टैक्स वसूली की भूख के कारण महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है। आलू, प्याज, लहसुन, अनाज, दलहन, रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं और अब खाद्य तेल में 20-20 प्रतिशत की वृद्धि आम जनता पर अत्याचार है।



## आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मनाया जा रहा है 'वजन त्यौहार'

# सभी बच्चों के वजन की एप में की जा रही है ऑनलाइन एन्ट्री, सुपोषित बनेगी हमारी कन्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले में 12 सितंबर से सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 'वजन त्यौहार' का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। इसमें 0 से 6 वर्ष के बच्चों का वजन कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन के लिए प्रत्येक सेक्टर के अंतर्गत विभागीय अधिकारी / कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है। साथ ही पर्यवेक्षक की ड्यूटी भी लगायी गई है। आयोजित किये जाने वाले 'वजन त्यौहार' में आयु (0 सें 6 वर्ष तक) के बच्चे, वजन तथा बच्चों की पोषण अभियान की गतिविधियों संबंधी जानकारी का निरीक्षण किये जाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बेमेतरा द्वारा जिले में कुल सेक्टर पर्यवेक्षकवार 136 क्लस्टर, सभी परियोजनाओं के अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार आयोजित किया जा रहा है।



**जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण :** इसी क्रम में सी. पी. शर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा साजा परियोजना अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों के आयोजन पोषण, स्वास्थ्य, साफ- सफाई, टीकाकरण के बारे में लोगों को जागरूक करने पर बल दिया जायेगा वही किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती महिलाओं का वजन व ऊचॉई लेकर पोषण की स्थिति का पता लगाया जा सके।

बच्चों के वजन की एप्प में होगी ऑनलाइन एन्ट्री सुपोषित बनेगी कन्ट्री । वजन त्यौहार के अवसर पर प्रत्येक आंगनबाड़ी हेतु ग्राम स्तरीय एवं वार्ड स्तरीय दल का गठन किया गया है दल के समक्ष ऑगनबाड़ी, ग्राम, नगरीय क्षेत्र के सभी सर्वेक्षित बच्चे का वजन लेकर पोषण स्तर का मापन किया जा रहा है। इस हेतु ऑनलाइन सॉफ्टवेयर से वजन की जानकारी भरकर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही पोषण स्तर ज्ञात किया जायेगा। कुपोषण कुपोषण विषय पर जन जागरूकता में वृद्धि लाने के लिए विशेष कार्य जिले के प्रत्येक परियोजना केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत, विकासखण्ड में पृथक पृथक कुपोषण की वर्तमान स्थिति की जानकारी तैयार करते हुए कुपोषण कम करने की कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें वजन त्यौहार, वजन त्यौहार सेल्फी जोन, पोषण चौपाल कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन और कुपोषित ग्राम में 0 सें 6 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावक, किशोरी बालिकाएँ तथा गर्भवती महिलाओं को चिन्हांकित कर पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई एवं ऑगनबाडी केन्द्र संबलपुर, मुरता, छेरकापुर एवं पतोरा में क्रियान्वित राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का निरीक्षण किया गया।

## सशिमं नवागढ़ के 9 विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ डोंगरगढ़ में आयोजित स्पर्धा में 9 स्वर्ण व 4 रजत पदक किया अपने नाम

सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय एथलेटिक्स समारोह में दुर्ग विभाग का खेल राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में 12 से 14 सितंबर तक हुआ। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ विद्यालय के बच्चों ने 9 स्वर्ण व 4 रजत पदक जीता। विद्यालय की छात्रा सुषमा बंजारे अंडर-17 में 200मीटर, 400 मीटर दौड़ व 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर -19 में रिया यादव ने लंबी कूद में प्रथम और 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान, अंडर-17 में नीलकमल वर्मा ने गोला फेंक और अंडर-14 के भूपेश निषाद ने ऊंची कूद, 80 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान तथा लंबी कूद में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के छात्र सुमित कुमार साहू ने लंबी कूद में दूसरा स्थान, हर्ष पाल ने भाला फेंक में दूसरा स्थान, मोंटी सिन्हा ने तवा फेंक में दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के खेल आचार्य और प्रांतीय निर्णायक दिलीप जायसवाल ने सभी को बधाई देते हुए प्रांत स्तरीय एथलेटिक्स समारोह के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। विद्यालय के प्राचार्य श्रीकांत शर्मा, प्रधानाचार्य संतोष देवांगन, व्यवस्थापक संतोष सिंह खुराना सहित विद्यालय के आचार्य परिवार ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से प्रतिभाओं को मिलता है मंच, सीखते हैं टीमवर्क



**बेमेतरा।** सांस्कृतिक कार्यक्रम भी समाज में एकता और सद्भाव का संदेश जहां देता है, वहीं युवा पीढ़ी के लिए भी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का यह एक सशक्त माध्यम है। उक्त विचार सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कुसमी स्थित ठाकुर तालाब पारा में बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के दौरान कही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री तिवारी ने बच्चों और युवाओं को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि वे आत्मविश्वास और टीमवर्क भी सीखते हैं। तिवारी ने इस बात पर जोर दिया कि बाल गणेश उत्सव जैसे आयोजनों से सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है। इसके पूर्व समारोह में प्रतिभागियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों और अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम में नंदकुमार यादव (अध्यक्ष), देवा साहू, दिनेश यादव, दीपक यादव, टेकराम साहू, बसंत साहू, मनहरण, कैलाश साहू, ओमकार साहू, सतीश साहू, परमेश्वर साहू, आत्मा साहू, सोनू साहू, संतोष साहू और भोजेंद्र साहू उपस्थित रहे।

## राधा कृष्ण जमात मंदिर में मनाया गया वामन भगवान का उत्सव



**थान खम्हरिया।** नगर के श्रद्धालुओं द्वारा स्थानीय जमात मंदिर में वामन भगवान के उत्सव में भजन कीर्तन किया गया। पं. ओम प्रकाश जोशी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल के द्वारा वामन भगवान जयंती उत्सव में मधुर आवाज के साथ भजन कीर्तन किया गया। पूजा-आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महंत बसंत दास वैष्णव ने वामन भगवान की जयंती उत्सव के विषय में जानकारी दी। वामन विष्णु के 5 वे तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। यह ऐसे अवतार थे जो मानव शरीर में बौने ब्राह्मण के रूप में प्रकट हुए।भगवान बामन 52 अंगुल का रूप धारण करके प्रकट हुए।और राजा बलि के द्वार पर पहुंचे। बलि ने ब्राह्मण समझकर उनका स्वागत सत्कार किया। जब भगवान ने राजा से तीन पग भूमि दान की याचना की। तब राजा बलि ने वामन से छोटे रूप में देखकर भूमि दान करने के लिए सहर्ष राजी हो गए थे। लेकिन जिस पर शुक्राचार्य ने काफी मना किया लेकिन वह नहीं माने, और उन्होंने जमीन पग के लिए गंगाजल का संकल्प लिया। तब भगवान ने विशाल रूप धरकर दो पग में सारे लोक नाप दिया। तब राजा बलि को गलती का अहसास हुआ और उन्हें प्रभु के आगे सिर झुका दिया। इस अवसर पर रामचंद्र दास वैष्णव, मुकेश सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, हीतेश कागलीवाल, शिव बिंदल, आशीष बंसल, श्यामा सिंघानिया, गोपी अग्रवाल, देवानंद त्रिपाठी, साकेत अग्रवाल, चेतन अग्रवाल उपस्थित थे।

# तीस सितंबर तक कॉलेज का निर्माण पूरा करने अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ सालों बाद अब विवि की खुद की होगी बिल्डिंग

हेमचंद विश्वविद्यालय को अब खुद का बिल्डिंग मिल जाएगा। सालों की मशक्कत के बाद जहां अब कालेज मूर्तरूप लेने को तैयार हो गया हैं, वही विवि का पूरा सेटअप पोटियाकला स्थित कालेज में शिफ्ट हो जाएगा। शनिवार को संभागायुक्त और कलेक्टर ने निरिक्षण किया। इस दौरान संभागायुक्त ने आगामी तीस सितंबर तक कालेज का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए है।

जानकारी अनुसार निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, वर्तमान में यहां पेंटिंग कार्य किया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2018-19 में लोक निर्माण विभाग द्वारा जशपुर की कंपनी मेसर्स विनोद जैन को ठेका दिया था। अनुबंध 2018-19 में किए जाने के बाद कार्यादेश भी जारी कर दिया गया था। विवि की बिल्डिंग के लिए विभाग द्वारा 11 करोड 92 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई थी। जिसमें अब तक ठेकेदार द्वारा चार मंजिला भवन का निर्माण कर लिया गया है। बताया गया कि, कालेज में फिनिसिंग कार्य पूरा किया जा चुका है। बहरहाल आगामी तीस सितंबर तक पेटिंग कार्य पूरा कर लिया जाएगा। वर्ष 2018-19 में निर्माण शुरू किया गया था। बिल्डिंग का निर्माण पांच मार्च 2021 को पूरा किए जाने के बाद हैंडओव्हर भी हो जाना था। लेकिन बिल्डिंग तीन साल में भी नही बन पाई थी। हांलाकि वर्तमान में निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

## पेज 9 के शेष

### लोगों ने त्योहार ...

अन्य वजहों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार की जारी गाइडलाइन से अवगत कराया गया। इसमें सन 2017 में हाई कोर्ट द्वारा एक जनहित याचिका के मद्देनजर जारी किये गए गाइडलाइन का अक्षरशः पालन कराने की बात कही गई है। राज्य शासन की जारी गाइड लाइन की प्रमुख बात यह है कि मिनी ट्रक, मेटोडोर, पिकप जैसे वाहनों पर साउंड सिस्टम फिट कर बजाने वालों के खिलाफ कलेक्टर द्वारा कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में बार-बार किसी वाहन द्वारा डीजे का परिवहन किया गया, तो उसका परमिट रद्द किया जाएगा, और दोबारा नहीं दिया जाएगा। ऐसे वहां हाई कोर्ट के आदेश पर ही छूट सकेंगे। साथ ही इसके जिम्मेदार लोगों के खिलाफ अवमानना का प्रकरण भी दर्ज किया जायेगा। बैठक में समाज के लोगों ने श्री गणेश विसर्जन के साथ ईद-मिलादुन्नबी का पर्व के प्रदर्शन के दौरान डीजे या धुमाल नहीं बजाया जायेगा, साथ ही प्लास्टिक की वस्तुओं का उपयोग भी नहीं करने कहा।

### मिलर्स एक सप्ताह ...

के भीतर चावल जमा करने के निर्देश दिये। नागरिक उन्होंने आपूर्ति निगम में जमा चावल के लिए ज़िला प्रबंधक नान को राइस मिलर्स से समन्वय बनाकर गति में तेजी लाने कहा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को गोदाम भंडारण क्षमता अनुसार कार्य में गति लाने और चावल जमा करने के निर्देश दिए।

### अस्थाई कुंड में ...

करने की अपील की गई। अभियान में नगर पालिका परिषद बेमेतरा के उपाध्यक्ष पंचू साहू, पार्षद नीतू कोठारी, महिला स्व सहायता समूह के सदस्यगण, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ आम नागरिक उपस्थित हुए।

### सोशल मीडिया ...

वहीं, नए राजनीतिक घटनाक्रम के मामले से परपोड़ी नगर क्षेत्र फिर सुर्खियों में आ गया है। इस सम्बंध में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है, आशुतोष दुबे हमारे नेता की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया पर अनाप-शनाप पोस्ट करता है। फिर क्षेत्र में सुरक्षा घेरा को लाँघकर विधायक के कार्यक्रम में पहुंचकर उनके साथ सेल्फी लेने पहुंच जाते हैं। ऐसे दोहरे रवैये से हम भाजपा के आम कार्यकर्ताओं को काफी आक्रोश है ।

## सहकारी समितियों में शत-प्रतिशत सदस्य बनाने के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश में सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा गठित जिला सहकारी विकास समिति की बैठक हुई। जिला सहकारी विकास समिति की अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एजेण्डावार विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर चौधरी ने जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति या प्राथमिक दुग्ध और मत्स्य सहकारी समितियों से आच्छादित करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इसी प्रकार समस्त पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर एवं ई-डिस्ट्रीक्ट के रूप में आईडी जेनरेट करने और राष्ट्रीय बीज सहकारी समिति, जैविक सहकारी समिति एवं निर्यात सहकारी समितियों में समस्त सेवा सहकारी समितियों में शत-प्रतिशत सदस्य बनाने हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं अवधेश मिश्रा, उप संचालक पशुपालन डॉ सुधीर प्रताप सिंह, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी, उप संचालक कृषि संदीप भोई, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्रीकांत चन्द्राकर और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अंशु गोयल उपस्थित थी।

**जेसीआई ने किया छोटी सी आशा कार्यक्रम का आयोजन : दुर्ग।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई ने जेसी सप्ताह यंगरंग के अंतर्गत रुआबंधा स्थित ज्ञानोदय विद्यालय के बच्चों के लिए छोटी सी आशा नामक अनुदान कार्यक्रम का आयोजन किया।



KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सशिमं नारायणपुर में मनाया गया हिन्दी दिवस

**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सरपंच बिसाहू राम ने कहा कि हिंदी भाषा हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भाषा है। इसमें जैसे हिंदी लिखी जाती है, वैसे ही बोली जाती है। यहां दिन हमें हमारी संस्कृति धरोहर की याद दिलाती है और नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व महसूस करता है। इस दौरान प्रधानाचार्य रेणुका साहू ने बताया कि हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी के प्रचार -प्रसार को बढ़ावा देना और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए बाल पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया, जिसमें अनेक शिक्षा प्रद प्रेरणादायक बाल कहानियां, शिशु गीत, बाल बलिदान आदि मनोरंजन चित्र सहित सुंदर-सुंदर पुस्तकों का समावेश किया गया। इस अवसर पर सरपंच बिसाहू राम साहू, प्रधानाचार्य रेणुका साहू, मोनिका साहू,उमा साहू, कविता साहू, माधुरी साहू, राजेश छत्री, प्रमोद पाण्डेय, रामचंद्र साहू, भागीरथी साहू, महेंद्र वैष्णव,राजा यदु सहित लोग मौजूद रहे।

### डांस प्रतियोगिता में कठिया मिडिल स्कूल को मिला पहला पुरस्कार



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय वार्ड क्रमांक 10 कोबिया स्थित सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति द्वारा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सामूहिक और एकल नृत्य में लगभग 47 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में सभी वार्ड वासियों ने ख़ूब आनंद उठाया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2100 रूपए कठिया मिडिल स्कूल को प्राप्त हुआ, जिसे वार्ड पार्षद मिंट्टा नामदेव ने प्रदान किया। द्वितीय पुरस्कार 1500 रूपए काव्या देवांगन ने प्राप्त किया, जो सिरजन पब्लिक स्कूल द्वारा प्रदान किया गया। वहीं तृतीय गोपिका सिंह रही जिन्हे पुरस्कार 1000 रुपए रेवा राम निषाद के द्वारा प्रदान किया गया । इस दौरान सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में जगजीत सिंह, निलय पांडे, नसरीन खान, रामनानुज साहू, नरेन्द्र वर्मा थे। समिति के सद्स्यों ने बताया कि 16 तारीख को भंडारे का आयोजन भी किया गया है। वहीं आयोजन को सफल बनाने में समिति के मिंटा नामदेव, रवि गुप्ता, कमलेश साहू, शेखर राजपूत, नवीन ठाकुर, भोलू साहू, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता, सेवक हिरवानी, अजय साहू मान सिंग साहू, खूबचंद, सुरेश देवांगन, अनिल सेन सहित वार्डवासियों ने महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन जगजीत सिंह और कमलेश साहू ने किया।

# नगर की सड़कों पर उड़ रही धूल ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर में सड़कों पर उड़ने वाली धूल एक बड़ी समस्या बन गई है। हवाओं में धूल का स्तर बढ़ने से लोग परेशान हैं, और सेहत के नजरिये से भी लोगों की समस्या बढ़ रही है। धूल के कारण लोगों और वाहन चालकों का शहर में चलना मुश्किल हो गया है।

इस समस्या की वजह से लोग पिछले कई सालों से परेशानी का सामना कर रहे हैं। और नगर पंचायत के अधिकारी, संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की है, लेकिन इसके बावजूद समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। शहर की सड़कों पर उड़ती धूल लोगों को एलर्जी हो रही है। और इससे लोग बीमार भी हो रहे हैं। बायपास रोड सहित त्रिमूर्ति चौक से तिरंगा चौक तक ठेकेदार के द्वारा काम किया गया है, लेकिन जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं। और संबंधित विभाग से शिकायत के बावजूद भी अभी तक शुद्ध नहीं ली गई है।

शहर की सड़कों पर उड़ती धूल से लोगों को एलर्जी, खांसी, दमा, सांस की समस्या और फेफड़ों में इन्फेक्शन की समस्या हो रही है। मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने के बाद भी धूल के बारीक कण आंखों में घुस जाते हैं और आंखों में जलन होती है।

### व्यापारियों ने शासन प्रशासन से की व्यवस्था सुधारने की मांग



#### दुकानों में घुस रही धूल, सामान हो रहे खराब

शहर की सड़कों पर धूल उड़ाने से व्यापारी परेशान हो रहे हैं। उनका कहना है कि धूल की वजह से सबसे ज्यादा परेशानी व्यापारियों वर्ग को हो रही है। वे अपनी दुकान पर कोई भी सामान रख नहीं पा रहे हैं। क्योंकि वाहनों के निकलने पर सड़क से उड़ने वाली धूल दुकानों में समा जाती है। इससे सामान खराब हो रहा है। धूल से सनी हुई सामग्री को लेने से ग्राहक भी ऐतराज दिखाते हैं। व्यापारी संघ के अनिल सिंघानिया, पुरषोत्तम अग्रवाल, विमल केडिया, राहुल छाबड़ा, हनी परिहार, अंकित बिंदल, दीपक बंसल, ईश्वर बंसल, सुरेश सिंघानिया, रजत शर्मा व रौनक मुरारका के द्वारा संबंधित विभाग को ज्ञापन दिया गया है। शासन-प्रशासन से व्यापारियों ने आग्रह किया है कि इस समस्या पर शीघ्र सुधार किया जाए।

## आयोजन

### छत्तीसगढ़ कलार समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक

# समाज में महिलाओं की भूमिका अग्रणी हो : विधायक दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ कलार समाज ने तहसील इकाई बेरला कलार समाज, युवा महिला सहित मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान किया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने समाज में महिलाओं की भूमिका को सराहा एवं कलार समाज की सर्व समाज सम्मान समारोह की सराहना किया। वहीं सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये एवं बेरला नगर मे चिन्हित स्थान को सहस्त्र बाहुबली चौक के नाम से 6 लाख की घोषणा की। पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि समाज का प्रतिनिधित्व योग्य व्यक्ति को मिले जिससे समाज में निरंतर सामाजिक समरसता के विचारों का आदान-प्रदान हो। संचालन मंडल सचिव कामता सिंह ने किया।

■ कार्यक्रम के दौरान सर्व समाज प्रमुखों का किया गया सम्मान




इस अवसर पर विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बेमेतरा, प्रीतम सिंह चंदेल अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, होरी लाल सिन्हा संयोजक राजनीतिक प्रकोष्ठ बेमेतरा,ईश्वर सिंह मंडलेश्वर बेरला,हुकुम सिंह जिला कोषाध्यक्ष, दमन सिंह पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष,शिव झड़ी सिंह अध्यक्ष युवा मंच, मनोज सिंह अध्यक्ष बेरला मंडल युवा,अशोक जायसवाल मंडलेश्वर बेमेतरा,अजय सिंह मंडलेश्वर नवागढ़, मोहन सिंह थान खम्हरिया,टीकाराम साहू डार्सेना मंडलेश्वर साजा,तिहारु सिन्हा कोषाध्यक्ष,मदन सिंह संरक्षक पूर्व संयोजक राजनीतिक प्रकोष्ठ,रघुवीर सिंह, महिला मंच से गीता सिन्हा,रेखा सिन्हा आदि उपस्थित थे ।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन शिवझडी सिन्हा ने किया।

#### इनका हुआ सम्मान

सर्व समाज सम्मान समारोह में संतोष जी राजपूत, राजेश दुबे ब्राह्मण,सूर्यकांत साहू, विजय जैन, दिलीप निषाद, रामेश्वर देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष,दीनू राम पटेल धमधा राज,साधु राम यादव गेवार समाज,कनक राम देशलहरे अध्यक्ष सतनामी समाज,नंदलाल मरकाम,नारायण प्रसाद निर्मलकर, लक्ष्मी राम यादव, यादव समाज, विनय ताम्रकार बेरला,रामकुमार धनकर, गिरी रिंगनी का सम्मान बेरला कलार समाज एवं मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने किया।

## दाढ़ी में हुआ चन्द्रनाहू कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

ग्राम दाढ़ी में चंद्रनाहु (चंद्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज बेमेतरा राज का वार्षिक अधिवेशन हुआ।

इसमें वार्षिक आय व्यय प्रस्तुत किया गया। नियामवली संशोधन के समाज व्यापत कुरीतियों को समापत कर शिक्षा के साथ ही व्यापार में आगे बढ़ने पर जोर दिया। कुर्मी जाति मूलतः कृषि में अपने एवम्‌ अपने परिवार का भरण पोषण करने के साथ ही अपने साथ बसने वाले परिवारों पालन एवं पोषण करने वाली जाति है। कुर्मी समाज के महापुरुषों छत्रपति शिवाजी महाराज सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शो को अपनाने युवाओं को आह्वान किया। कार्यक्रम में चंद्रनाहु (चंद्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज बेमेतरा राज के अध्यक्ष अयोध्या चंद्राकर उपाध्यक्ष गोरेलाल चंद्राकर, केन्द्रीय संगठन मंत्री नरेश चंद्राकर,कोषाध्यक्ष भूगेंद्र चंद्राकर ,महासचिव गिरधर चंद्राकर,सात उपक्षेत्र के अध्यक्ष पांची लाल चंद्राकर,विवेका चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# मीसा बंदियों के निधन पर राजकीय सम्मान के साथ की जाए अंत्येष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा की राज्य सरकारों ने आपातकाल के दौरान दमन के खिलाफ डटे हुए आंदोलनकारियों को लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी का नाम देते हुए प्रति माह 25 हजार रुपये की सम्मान निधि जारी की।

■ अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ निर्वाणी ने सीएम साय से की मांग




मध्यप्रदेश सरकार ने लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानियों को एक कदम आगे बढ़ते हुए दिवंगत होने पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्ठि करने की घोषणा की है। सूबे के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी हृदयनारायण निर्वाणी के पुत्र व अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी लोकतंत्र सेनानियों मीसा बंदियों के दिवंगत होने पर अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने की मांग की है। इसकी प्रति उन्होंने लोकतंत्र स्वंतंत्रता सेनानी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिदानंद उपासने को भी भेजी है। ज्ञात हो बेमेतरा से पूर्व विधायक स्व महेश तिवाई, स्व मुंशी राम ठाकुर, स्व डॉ वीरेंद्र कुमार दानी भी आपात काल के दौरान 18 महीनों तक जेल में बंद रहे।

## स्वच्छता दौड़ कल, जयस्तंभ चौक से सुबह 8 बजे होगी शुरुआत

**बेमेतरा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ सुबह 8 बजे ज़िला मुख्यालय के जयस्तंभ चौक से शुरू होगी और शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं बाज़ारों से होते हुए निकलेगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से हो रही है, जो महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों, स्वास्थ्य शिविर, आदि का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सफाई अभियान, जागरूकता रैलियां और अन्य स्वच्छता कार्यक्रम शामिल होंगे। ज़िला प्रशासन ने नागरिकों से इस स्वच्छता दौड़ और अन्य स्वच्छता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता दौड़ के माध्यम से न केवल सफाई के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी, बल्कि नागरिकों में समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्कूलों और अन्य संस्थानों ने भी अपनी भागीदारी निभायेंगे। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्वच्छता दौड़ के साथ ही प्रशासन ने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें और नियमित रूप से सफाई में सहयोग दें।

## विधायक दीपेश ने किया शिक्षकों व प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**बेमेतरा।** जिले के बेरला में ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन क्रृषि उपज मंडी बेरला में किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथ बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उन्हें समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उनका अभिनन्दन किया। विधायक ने आगे कहा कि शिक्षक हमारे समाज के नींव के पत्थर हैं।

■ बेरला में हुआ ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह

उनकी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन के बिना, देश का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। मैं सभी शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूँ। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर हैं। समारोह के दौरान विधायक ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं और सेवानिवृत एवं कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित भी किया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सफ़ेद चन्दन का पौधा भी प्रदान किए। साथ ही रक्तदान करने वाले शिक्षकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन विधायक द्वारा सभी शिक्षकों और उपस्थित अतिथियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बेरला उपाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल, तहसील साहू संघ अध्यक्ष सूर्यकान्त साहू, डायरेक्ट समाधान महाविद्यालय अवधेश सिँह पटेल सहित शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राओं सेवा निवृत शिक्षक उपस्थित रहे।

## भाजपा शासन में बढ़ गया अपराध : भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को कवर्धा प्रवास के अपने आधिकारिक कार्यक्रम दौरे के बीच जिला मुख्यालय पहुंचे। वहां पर सैकड़ों स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम बघेल का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान नगर के वरिष्ठ कांगेसी कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व सीएम से मुलाकात कर स्थानीय एवं ज्वलंत मुद्दों पर अपनी अपनी बात रखी। पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा शासन को आये सालभर नहीं हुआ है कि गाँव-गाँव शराब-गाँजा और जुआ-सट्टा का गैरकानूनी धंधा खुलेआम चल रहा है। इससे पूरे प्रदेशभर में आपराधिक घटनाक्रम बढ़ रहा है। इस पर पुलिस प्रशासन काबू कर पाने में नाकाम है। पूरे प्रदेशभर में करप्शन बड़े पैमाने पर हो रहा है। साथ ही कहा कि छत्तीसगढ़ में आगामी दौर में नगरीय एवं ग्रामीण स्तर की पंचायत चुनाव होना है, जिसके लिए अभी से कार्यकर्ताओं को तैयार व चार्ज रहने के लिए कहा। उसके बाद श्री बघेल कवर्धा के अपने राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रम के लिए लिए रवाना हो गए।

■ कवर्धा प्रवास पर जाने के दौरान शहर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज निकाला जाएगा जुलूस

**बेमेतरा।** आज सोमवार हजरत पैगंबर साहब के जन्म उत्सव पर जिला मुख्यालय सहित अंचल में मुस्लिम समुदाय के द्वारा हर्षोल्लास के साथ जश्ने ईद मिलादुन नबी मनाई जाएगी। जश्ने ईद मिलादुन नबी की तैयारी विगत 15 दिनों से की जा रही थी। बाकायदा मुस्लिम समाज घरों एवं मोहल्ले को दूधिया रोशनी से जगमगा दिए हैं। आज जिला मुख्यालय में जुलूसे मोहम्मदिया दोपहर 02 बजे जामा मस्जिद बेमेतरा से निकली जाएगी। यह जुलूस शहर के नयापारा, गश्ती चौक, सिग्नल चौक, परशुराम चौक,कचहरी चौक,भारत माता चौक व प्रताप चौक सहित विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए वापस जामा मस्जिद पहुँचेगी जामा मस्जिद पहुंचेगी इसके बाद फौरन स्थानीय जमा मस्जिद के धर्मगुरु मुस्लिम समुदाय की उपस्थिति में परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सैयद कौसर अली ने बताया कि शाम 07 बजे से मुस्लिम जमात खाना (सराये) में लंगर और रात 10 बजे रहमते ए आलम कॉन्फ्रेंस बाज़ार पारा में रखा गया है। साथ ही बाहर से आये हुए मेहमानों के लिए खाने व ठहरने इंतेज़ाम किया गया है।

# बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार प्रदान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय पोषण वर्ष 2024 ग्राम कंडरका के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक -1 में पोषण माह के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता बघेल एवं सहायिका गंगोत्री निषाद ने बच्चों के लिए रेडी टू ईट के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन बनाकर और साथ ही विभिन्न प्रकार के साग भाजी की स्टाल लगाया। इसमें हलवा, लड्डू, नमकीन, खुरमी आदि सम्मिलित थे, जो बच्चों के बहुत ही महत्वपूर्ण एवं पौष्टिक आहार है। इसके साथ ही विभिन्न प्रोटीन विटामिन से भरपूर साग भाजी के बारे माताओं को सुपरवाइजर स्मिता ने बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम बच्चों के पौष्टिक आहार में हम सम्मिलित कर सकते हैं और उन्हें कुपोषण से सुपोषण बना सकते हैं।

■ ग्राम कंडरका के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में पोषण माह पर हुआ कार्यक्रम





आंगनबाड़ी में महतारी सदस्य के रूप में नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन ने कहा कि माताओं की उम्र के हिसाब से वजन एवं ऊंचाई होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेरला जयप्रकाश करमाकर उपस्थित थे। विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को चित्र दिखाकर कुछ प्रश्न किया गया, जिनका सभी बच्चों ने बहुत बढ़िया जवाब दिया। कुछ बच्चों ने बालगीत गाकर भी सुनाया। बच्चों के अभिव्यक्ति कौशल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता बघेल की मुख्य भूमिका है वह प्रतिदिन बच्चों को दिखावटी माईक देकर बोलने के लिए प्रेरित करती रहती हैं, ताकि बच्चे का बचपन से ही भय एवं झिझक दूर हो जाये। अधेश उइके प्रिट रिंच वातावरण, सेल्फी कार्नर देखकर बहुत प्रसन्न हुए।

#### सभी बच्चों का लिया गया वजन

इस अवसर पर सभी बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापी गई। सभी का हलवा खिलाकर मुंह मीठा किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख यशोदा गोपीचंद निषाद, अंजनी निषाद कार्यकर्ता ऑगनबाड़ी -2 से एवं आंगनबाड़ी -3 से ललिता यदु कार्यकर्ता, रेणुका साहू, वेदी यदु मितानीन, मालती निषाद एवं ग्रामीण माताएँ साथ ही साथ नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित थे।



स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
13 नवंबर 2024
28 नवंबर 2024
19 दिसंबर 2024
10 जनवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025
02 मई से 16 मई 2025
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411